प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 14.07.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

भारत का सबसे बड़ा वैश्विक वस्त्र कार्यक्रम भारत टैक्स 2026 आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हुआ। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरराज सिंह ने इस चार दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस प्रदर्शनी में वस्त्र, फैशन, प्रौद्योगिकी, नवाचार, निवेश और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में भारत के बढ़ते नेतृत्व का प्रदर्शन किया जाएगा। ये निर्माताओं, निर्यातकों, वैश्विक खरीदारों, निवेशकों, नीति निर्माताओं, अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडलों, कारीगरों, स्टार्टअप्स और प्रौद्योगिकी प्रदाताओं को एक मंच पर लाएगा। इस आयोजन में सात हजार से अधिक खरीदारों और 20 हजार से अधिक वस्त्र उत्पादों की भागीदारी रहेगी। साथ ही इसमें 14 देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शक भाग ले रहे हैं।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज कोटपूतली–बहरोड़ जिले के पावटा दौरे पर रहेंगे। वे प्रागपुरा नगरपालिका में आयोजित शहरी सेवा शिविर में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों के शामिल होने की संभावना है। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

00000

प्रदेश के पीएम श्री विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए आज जयपुर में राज्य स्तरीय वेबिनार आयोजित किया जा रहा है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में हो रहे इस वेबिनार में प्रदेश के करीब साढ़े पांच सौ पीएम श्री विद्यालयों के संस्था प्रधान शामिल हो रहे हैं। वेबिनार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, विद्यालयों में नवाचार, सह–शैक्षणिक गतिविधियों और आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा की जा रही है। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार से उपलब्ध कराए जा रहे फंड के प्रभावी उपयोग पर भी चर्चा हो रही है। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश यादव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद हैं।

00000

राजस्थानी लोक संगीत और संस्कृति को नई पहचान दिलाने वाले और राजस्थान रत्न से सम्मानित केसरी चंद मालू का कल देर रात उनका निधन हो गया। उन्होंने राज्य की समृद्ध लोक परंपराओं, गीत–संगीत और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन में विशेष योगदान दिया। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री बागडे ने कहा कि उनका निधन राजस्थान की लोक संस्कृति और संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी अपने शोक संदेश में कहा कि लोक संगीत के क्षेत्र में उनका योगदान सदेव अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने शोकाकुल परिजनों और उनके शुभचिंतकों को यह असीम दु:ख सहन करने की शक्ति देने की कामना की।

00000

झुंझुनूं जिले में किसान अब कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली बागवानी और ड्रिप सिंचाई तकनीक अपना रहे हैं। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और पर ड्रॉप मोर क्रॉप अभियान का प्रभाव जिले में दिखाई देने लगा है। केसरीपुरा गांव के प्रगतिशील किसान जयप्रकाश ने ड्रिप सिंचाई के माध्यम से करीब 90 से 100 बीघा क्षेत्र में बेर, किन्नू, मौसमी, आम, बेल और चीकू का बगीचा विकसित किया है। उनका कहना है कि इस तकनीक से पानी की बचत होती है, लागत घटती है और उत्पादन बढ़ता है। उनका परिवार सालाना करीब 50 लाख रुपये का कृषि कारोबार कर रहा है।

00000

नीट यूजी पुनः परीक्षा 2026 के अभ्यर्थी रिकॉर्डेड रेस्पोंस शीट पर अपनी आपत्तियां कल सुबह 11 बजे तक दर्ज करा सकते है। एनटीए ने कल ये शीट जारी की थी। अभ्यर्थी प्रति प्रश्न 200 रूपये

का शुल्क देकर अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे। अभ्यर्थियों को एप्लीकेशन नम्बर और पासवर्ड से लॉगइन के बाद टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन पूरा कर रेस्पोंस शीट डाउनलोड करनी होगी।

000000

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा—2025 के अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र की लोकेशन के लिए केवल गूगल मैप पर निर्भर नहीं रहने की सलाह दी है। आयोग ने कहा है कि तकनीकी कारणों से कुछ परीक्षा केंद्रों की लोकेशन गूगल मैप पर स्पष्ट नहीं हो सकती। इसलिए अभ्यर्थी परीक्षा के दिन से पहले ही ई—प्रवेश पत्र में दिए गए पते के अनुसार परीक्षा केंद्र का भौतिक सत्यापन कर लें। आयोग ने कुछ परीक्षा केंद्रों के संशोधित दूरभाष नंबर भी जारी किए हैं। किसी भी प्रकार की जानकारी या समस्या होने पर अभ्यर्थी आयोग के कंट्रोल रूम से भी संपर्क कर सकते हैं।

0000